प्रेस नोट संख्या

दिनांक 22.03.2026

सराहनीय कार्य थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम जनपद अमेठी।

12 घण्टे में लूट का खुलासा

लूट के मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक मरम्मत के विभिन्न उपकरणों के साथ 04 नफर बालअपचारी को निगरानी में लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 22.03.2026 को आवेदक श्री प्रेमनाथ मौर्या पुत्र विन्ध्या प्रसाद मौर्या नि0 ग्राम माधवपुर वार्ड नं0 18 कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना गौरीगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि वह कस्बा गौरीगंज में बालाजी कूलिंन नामक दुकान पर फ्रिज, ए0सी0, वॉशिंग मशीन आदि की मरम्मत का काम करते है। दिनांक 21.03.2026 को ग्राम संभावा में फ्रिज की मरम्मत करने हेतु अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि ग्राम विसुरा के पास सूनसान जगह पर 04 लोग स्कूटी सं0 यूपी 36 एए 1230 बीच सड़क पर खड़ी करके उनकी मोटरसाइकिल को जबरदस्ती रोककर उनका मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल की टंकी पर रखा टूलबैग, जिसमे वादी का आधार कार्ड, 350 रु0 नकद, एम्पीयर मीटर, प्लास, पेंचकस, रेती, गेज मीटर, एक्सटेंशन बोर्ड, आदि इलेक्ट्रानिक मरम्मत के सामान रखा था, बैग सहित लेकर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पर मु0अ0सं0 71/26 धारा 309(4),309(6) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.03.2026 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में श्री अरुण कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी एवं श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वॉट टीम **मय हमराह द्वारा सड़क के किनारे स्थापित सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से फुटेज में वादी का पीछा करते हुये दिख रहे स्कूटी सवार एवं विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन के उपरान्त अभियोग उपरोक्त में प्रकाश में आये 04 नफर बाल अपचारी को नियमानुसार निगरानी में लिया गया**। उनके कब्जे से लूट का 01 अदद मोबाइल फोन, टूलबैग जिसमे रखा वादी का आधार कार्ड, 350 रु0 नकद, एम्पीयर मीटर, प्लास, पेंचकस, रेती, गेज मीटर, एक्सटेंशन बोर्ड, आदि इलेक्ट्रानिक मरम्मत के सामान बरामद हुये। ***पूछताछ में निगरानी में लिये गये बाल अपचारियों ने बताया कि वह सभी लोग मिलकर ग्राम विसुरा के पास 01 मोटर साइकिल सवार को रोककर उसका आइफोन व बैग लेकर भाग गये थे।*** व्यक्तिगत शौक को पूरा करने के लिये वह लोग इस घटना को कारित किये थे। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2), 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी कर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

निगरानी में लिये गये बाल अपचारी–

- 04 नफर बाल अपचारी

बरामदगी-

1. वादी का 01 अदद मोबाइल आईफोन,
2. टूलबैग जिसमे रखा वादी का आधार कार्ड, 350 रु0 नकद, एम्पीयर मीटर, प्लास, पेंचकस, रेती, गेज मीटर, एक्सटेंशन बोर्ड, आदि इलेक्ट्रानिक मरम्मत के सामान।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 71/26 धारा 309(4),309(6) बी0एन0एस0 थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

पुलिस टीम-

थाना गौरीगंज पुलिस-

1. श्री अरुण कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार पाल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 आमोद सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 देवेन्द्र कुमार दुबे थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 आशीष शुक्ला थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

स्वाट/सर्विलांस टीम-

1. श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम अमेठी।
2. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम अमेठी।
3. का0 जयहिन्द यादव स्वाट टीम अमेठी।
4. का0 शिवप्रकाश मौर्या स्वाट टीम अमेठी।